BSNL Connecting India Faster

Press Media Communication Report

-From Public Relations Cell BSNL CO New Delhi

Publication:	जनसत्ता	Page No:	10
Place:	नई दिल्ली	Date:	12/2

मोबाइल क्षेत्र में छह हजार करोड़ खर्च करेगा बीएसएनएल

धर्मशाला 11 फरवरी (जनसत्ता)।

बीएसएनएल के बोर्ड निदेशक एनके गुप्ता (सीएफए) का कहना है कि मोबाइल सेक्टर में बीएसएनएल छह हजार करोड़ खर्च करने जा रहा है।

धर्मशाला स्मार्ट-सिटी की समीक्षा बैठक के लिए दिल्ली से यहां पहुंचे बीएसएनएल के सीएफए निदेशक गुप्ता ने बाद में एक पत्रकार सम्मलेन कहा कि ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण सेवा देने की कसौटी में खरा उतरने के लिए बीएसएनएल भरपूर कोशिश कर रहा है और जरूरत के अनरूप बेहतर सुविधा को ध्यान में रखते हुए खासकर ब्रॉडबैंड क्षेत्र में आउटसोर्सिंग करने पर भी विचार कर रहा है।

इससे पहले गुप्ता ने कारपोरेट कार्यालय दिल्ली से एनसी-एनजीएन के मुख्य महाप्रबंधक एके जैन, बिहार के दूर संचार मुख्य महाप्रबधंक किशोर कुमार, कर्नाटक के मुख्य महाप्रबंधक पी नाग राजू, हिमाचल परिमंडल के एसके गुप्ता, भागलपुर के महाप्रबंधक रमेश प्रसाद, धर्मशाला के महाप्रबंधक सुनील कुमार, लुधियाना के मंडलीय अभियंता डीके जैन, महाप्रबंधक राजदेव, उप महाप्रबंधक एके दियोरा और शिमला के उप महाप्रबंधक राजेंद्र कुमार तथा दूर संचार के अन्य अफसरों के साथ समीक्षा बैठक की।

बाद में गुप्ता ने कहा कि उपभोक्ताओं की जरूरतों को देखते हुए रोमिंग के दौरान और रात्रि के अलावा रविवार को मुफ्त बात जैसी कई सुविधाएं देने के बाद बीएसएनएल अब भविष्य में भी ऐसे आकर्षक प्लान जारी करने का प्रयास करेगा। जिसमें उपभोक्ता कॉल के साथ बेहतर डाटा का लाभ भी उठा सकेंगे। उनने बताया कि स्मार्ट-सिटी में वाई-फाई हॉट स्पॉट एवं अन्य एप्लीकेशन के लिए भी बीएसएनएल नामांकन के आधार पर या निविदा के जरिए सेवाएं देने के प्रयास कर रहा है।

प्रेस वार्ता में मौजूद एनसी-एनजीएन के मुख्य महाप्रबंधक एके जैन ने बताया कि बीएसएनएल भविष्य में उपभोक्ताओं को अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकी (नेक्स्ट जेनरेशन टेक्नोलॉजी) पर आधारित सेवाएं देने जा रहा है जिसमें अखिल भारतीय क्लोस यूजर ग्रुप (सीयुजी), मल्टीमीडिया वीडियो कांफ्रेसिंग जैसी सहूलियतें होंगी। धर्मशाला में स्मार्ट सिटी में बीएसएनएल की भूमिका को लेकर जैन का कहना था कि स्मार्ट सिटी में वाई-फाई का प्रस्ताव अवश्य है जिसमें कॉर्पोरेट कवरिंग, को-होस्टिंग, सीसीटीवी व ई-एजुकेशन समेत अन्य एप्लीकेशन पर बात चल रही है।

इस मौके पर हिमाचल दूरसंचार परिमंडल के मुख्य महाप्रबंधक एसके गुप्ता ने कहा कि टीडीएम टेक्नोलॉजी को अब एनजीएन टेक्नोलॉजी से बदला जा रहा है जिसके तहत छह हजार से ज्यादा पोर्ट लगाए जा चुके हैं। दूरसंचार जिला धर्मशाला के महाप्रबंधक सुनील कुमार का कहना था धर्मशाला में 62 वाई-फाई एक्सेस पॉइंट लगाने के अलावा मोबाइल के लिए 4जी बीटीएस लगाए जाने का भी प्रस्ताव है।